Ontario

**श्रम, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्रालय**
**(Ministry of Labour, Training and Skills Development)**

# अस्थायी सहायक एजेंसी के असाइनमेंट कर्मचारियों के लिए रोजगार मानक अधिकार

अस्वीकरण: कर्मचारियों और नियोजकों को रोजगार मानक अधिनियम, 2000 (The Employment Standards Act, 2000) (ESA) और विनियमों के तहत स्थापित न्यूनतम अधिकारों और दायित्वों को समझने में सहायता के लिए यह संसाधन तैयार किया गया है। यह क़ानूनी सलाह नहीं है। इसका अभिप्राय ESA या विनियमों को बदलना नहीं है और हमेशा क़ानून के आधिकारिक संस्करण का संदर्भ लिया जाना चाहिए। यद्यपि हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि इस संसाधन में मौजूद जानकारी यथासंभव वर्तमान और सटीक हो, पर कभी-कभी त्रुटियाँ होती हैं। ESA केवल न्यूनतम मानक उपलब्ध कराता है। कुछ कर्मचारियों के पास रोजगार अनुबंध, सामूहिक समझौते, सामान्य क़ानून या अन्य विधान के तहत अधिक अधिकार हो सकते हैं।

रोजगार मानक अधिनियम, 2000 (Employment Standards Act, 2000) (ESA) ओंटारियो में अधिकांश कार्यस्थलों के लिए न्यूनतम मानक निर्धारित करता है, जैसे कि न्यूनतम वेतन और कार्य समय की सीमा। अस्थायी सहायता एजेंसियों के असाइनमेंट कर्मचारियों सहित कुछ कर्मचारियों पर विशेष नियम और छूट लागू होते हैं। यह सूचना पत्र एक असाइनमेंट कर्मचारी के रूप में आपके अधिकारों के बारे में जानकारी देता है। अपने अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए Ontario.ca/ESAguide पर जाएँ और **अस्थाई सहायता एजेंसियां** चुनें।

इस सूचना पत्र के अलावा, अस्थायी सहायता एजेंसी को नौकरी शुरू करने के 30 दिनों के भीतर आपको रोजगार मानक पोस्टर भी अवश्य प्रदान करना आवश्यक है। यदि आपकी पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है, तो आपके नियोक्ता को आपको आपकी पहली भाषा में पोस्टर उपलब्ध कराना आवश्यक है, यदि आप इसके लिए पूछते हैं और यह श्रम, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्रालय के पास उपलब्ध है। पोस्टर डाउनलोड करने के लिए Ontario.ca/ESAposter पर उपलब्ध है।

## क्या आप एक असाइनमेंट कर्मचारी हैं?

आप एक अस्थायी सहायता एजेंसी के असाइनमेंट कर्मचारी हैं यदि आप और अस्थायी सहायता एजेंसी इस बात से सहमत हैं कि वह अस्थायी कार्य असाइनमेंट खोजने में आपकी मदद करेगी।

**आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी के ग्राहक व्यवसायों में से किसी एक के लिए काम करने के लिए आपको काम असाइन न होने पर भी अस्थायी सहायता एजेंसी ही आपकी नियोक्ता है।**

## आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी को आपको जानकारी प्रदान करना आवश्यक है

आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी को आपको काम पर रखने के बाद जल्द से जल्द अपना कानूनी नाम, अस्थायी सहायता एजेंसी द्वारा उपयोग किया जाने वाला कोई अन्य नाम और संपर्क जानकारी लिखित में बतानी होगी:

जब आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी आपको ग्राहक व्यवसाय के साथ असाइनमेंट प्रदान करती है, तो एजेंसी को आपको जल्द से जल्द निम्नलिखित जानकारी लिखित में प्रदान करना आवश्यक है:

- ग्राहक व्यवसाय का कानूनी नाम, ग्राहक व्यवसाय द्वारा उपयोग किए जाने वाले अन्य नाम और संपर्क जानकारी
- आपके भुगतान की दर और अन्य लाभ
- आपके कार्य के घंटे
- आपके द्वारा किए जाने वाले कार्य का विवरण
- असाइनमेंट का समय (अवधि) (यदि ज्ञात हो)
- आपके वेतन की अवधि और वेतन का दिन

## आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी आपसे किसी प्रकार का शुल्क नहीं ले सकती है

आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी निम्नलिखित कार्यों के आपसे लिए शुल्क नहीं ले सकती है:

- उनका कर्मचारी होने के लिए
- असाइनमेंट खोजने में आपकी मदद करने के लिए
- आपको एक रेज़्युमे लिखने या साक्षात्कार के लिए तैयार होने के तरीके के बारे में जानकारी या सलाह देने के लिए, भले ही आपने मदद माँगी हो

## ग्राहक व्यवसाय आपको नौकरी की जानकारी दे सकते हैं या आपको काम पर रख सकते हैं

आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी निम्नलिखित कार्य नहीं कर सकती:

- एक ग्राहक व्यवसाय को आपको नौकरी की जानकारी देने से रोकना
- क्लाइंट व्यवसाय को आपको सीधे काम पर रखने से रोकना
- यदि ग्राहक व्यवसाय आपको काम पर रखना चाहता है तो आपसे शुल्क लेना

## आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी और क्लाइंट व्यवसाय दोनों को रिकॉर्ड रखना आवश्यक है

आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी को आपके द्वारा प्रत्येक ग्राहक व्यवसाय के लिए प्रत्येक दिन और प्रत्येक सप्ताह काम करने के घंटों की संख्या दर्ज करना आवश्यक है। एक ग्राहक व्यवसाय को आपके द्वारा प्रत्येक दिन और प्रत्येक सप्ताह उनके लिए काम करने के घंटे की संख्या भी दर्ज करना आवश्यक है।

## छुट्टी का समय और भुगतान

आपको अवकाश का समय और अवकाश का वेतन प्राप्त करने का अधिकार है। अवकाश का समय और अवकाश के वेतन की राशि इस पर निर्भर करती है कि आपने अपनी अस्थायी सहायता एजेंसी के लिए कितने समय तक काम किया है। यदि आपने अपनी अस्थायी सहायता एजेंसी के लिए पाँच साल से कम समय तक काम किया है, तो आपके पास छुट्टी के पात्र वर्ष के हर बारह महीने के बाद दो सप्ताह की छुट्टी लेने का और आपके कुल वेतन का चार प्रतिशत अवकाश वेतन लेने अधिकार है। यदि आपने अपनी अस्थायी सहायता एजेंसी के लिए पाँच साल से अधिक समय तक काम किया है, तो आपके पास छुट्टी के पात्र वर्ष के हर बारह महीने के बाद तीन सप्ताह की छुट्टी लेने का और आपके कुल वेतन का छह प्रतिशत अवकाश वेतन लेने अधिकार है।

आमतौर पर, आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी को आपको अवकाश लेने से पहले अवकाश का भुगतान एकमुश्त करना होगा। हालाँकि, यदि आप लिखित रूप में सहमत हैं तो आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी आपके अवकाश का भुगतान आपके वेतन चेक के साथ कर सकती है।

उदाहरण के लिए: सैय्यद ने अपनी अस्थायी सहायता एजेंसी के लिए तीन साल तक काम किया। वह दो सप्ताह का अवकाश ले सकता है और चार प्रतिशत अवकाश वेतन प्राप्त कर सकता है। वह हर दो हफ़्ते में 1,500.00 डॉलर कमाता है। सैयद और उनकी अस्थायी सहायता एजेंसी ने सहमति व्यक्त की कि उसे प्रत्येक वेतन चेक पर अवकाश का भुगतान किया जाएगा। सैयद को प्रत्येक वेतन चेक पर अवकाश के वेतन के रूप में $60.00 ($1,500 x 4%) का भुगतान किया जाता है।

Ontario.ca/vacation पर अवकाश के समय और अवकाश के भुगतान के बारे में और जानें।

## सार्वजनिक छुट्टियाँ

ओंटारियो में हर साल नौ सार्वजनिक छुट्टियाँ दी जाती हैं:

- न्यू ईयर डे
- फ़ैमिली डे
- गुड फ़्राइडे
- विक्टोरिया डे
- कनाडा डे
- लेबर डे
- थैंक्सगिविंग डे
- क्रिसमस डे
- बॉक्सिंग डे

यदि आप असाइनमेंट पर हैं और आपके किसी कार्य दिवस पर सार्वजनिक अवकाश है, तो आमतौर पर आपको सार्वजनिक अवकाश के दिन काम से अवकाश लेने और सार्वजनिक अवकाश का भुगतान प्राप्त करने का अधिकार है।

सार्वजनिक अवकाश के वेतन की गणना करने के लिए एक फॉर्मूला है:

- आपको अर्जित नियमित आय और सार्वजनिक अवकाश से पहले चार सप्ताह की सारी छुट्टियों के भुगतान को जोड़ें
- उस संख्या को 20 से भाग दें

उदाहरण के लिए: जोसेफ़ा असाइनमेंट पर है और प्रति सप्ताह $600 कमाती है। वह प्रत्येक भुगतान चेक पर 4% अवकाश वेतन प्राप्त करती है। कनाडा डे जोसेफ़ा के कार्य दिवसों में से एक पर पड़ता है। कनाडा डे से पहले के चार हफ़्तों में जोसेफ़ा की नियमित मजदूरी $2,400 ($ 600 x 4) थी। कनाडा डे से पहले चार हफ़्तों में, जोसेफ़ा को देय अवकाश वेतन की राशि $96 ($2,400 x 4%) थी। जोसेफ़ा का सार्वजनिक अवकाश वेतन के लिए $124.80 ($2,496 ÷ 20) बकाया है।

यदि आप और आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी लिखित रूप में सहमत हैं तो आप सार्वजनिक अवकाश पर काम कर सकते हैं ।आम तौर पर, यदि आप सार्वजनिक अवकाश पर काम करते हैं, तो आपको सार्वजनिक अवकाश पर किए गए काम के लिए सार्वजनिक अवकाश का वेतन और प्रीमियम भुगतान का भुगतान किया जाना आवश्यक होगा या आपको सार्वजनिक अवकाश पर किए गए काम के घंटों के लिए आपको नियमित वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए और सार्वजनिक अवकाश के वेतन के साथ किसी अलग दिन अवकाश लेना चाहिए।

यदि आप असाइनमेंट पर हैं और आपके कार्यदिवस से अलग किसी दिन सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो, आम तौर पर आपको सार्वजनिक अवकाश वेतन के साथ स्थानापन्न दिन पर अवकाश लेने का अधिकार होता है। आप और आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी लिखित रूप से इस बात से भी सहमत हो सकती है कि आपका नियोक्ता आपको केवल सार्वजनिक अवकाश का भुगतान करेगा।

यदि आप असाइनमेंट पर नहीं हैं और सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो आम तौर पर आपको केवल सार्वजनिक अवकाश का वेतन प्राप्त करने का अधिकार है।

सार्वजनिक छुट्टियों के बारे में अधिक जानने के लिए Ontario.ca/publicholidays पर जाएँ।

## असाइनमेंट की समाप्ति

आमतौर पर, यदि आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी किसी ग्राहक व्यवसाय के साथ आपके असाइनमेंट को बर्खास्त (समाप्त) करना चाहती है, तो आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी को आपको असाइनमेंट की समाप्ति या असाइनमेंट के भुगतान की समाप्ति की लिखित सूचना देनी होगी: यदि

- आपको ग्राहक व्यवसाय के लिए काम करने के लिए असाइन किया गया हो
- जब यह असाइनमेंट आपको दिया गया था, तब इसे तीन महीने या उससे अधिक समय तक चलने की योजना रही हो
- असाइनमेंट को नियत समाप्ति तिथि से पहले बर्खास्त (समाप्त) कर दिया गया हो।

असाइनमेंट की समाप्ति रोजगार की समाप्ति से अलग है। भले ही आपके असाइनमेंट को समाप्त कर दिया गया हो आप फ़िर भी अपनी अस्थायी सहायता एजेंसी के कर्मचारी रहेंगे।

## रोजगार की समाप्ति

ज्यादातर मामलों में, यदि आपकी अस्थायी सहायता एजेंसी आपके रोजगार को बर्खास्त (समाप्त) करना चाहती है, तो आपके नियोक्ता को आपको समाप्ति का लिखित नोटिस या समाप्ति वेतन देना होगा। समाप्ति नोटिस या समाप्ति भुगतान प्राप्त करने का अधिकारी होने के लिए आपको अपने नियोक्ता के लिए कम से कम तीन महीने तक काम करना आवश्यक है।

नोटिस का समय या वेतन की राशि इस बात पर निर्भर करती है कि आपने अपने नियोक्ता के लिए कितने समय तक काम किया है:

- एक वर्ष से कम का रोजगार: एक सप्ताह
- एक साल से दो साल का रोजगार: दो सप्ताह
- तीन साल का रोजगार: तीन सप्ताह
- चार साल का रोजगार: चार सप्ताह
- पांच साल का रोजगार:  पांच सप्ताह
- छह साल का रोजगार: छह सप्ताह
- सात साल का रोजगार: सात सप्ताह
- आठ साल या अधिक का रोजगार: आठ सप्ताह

उदाहरण के लिए: लूना ने अपनी अस्थायी सहायता एजेंसी के लिए 16 महीनों तक काम किया। उसने प्रति सप्ताह $800.00 कमाए। उसकी अस्थायी सहायता एजेंसी को उसे दो सप्ताह की समाप्ति सूचना या समाप्ति भुगतान देना होगा। उसकी अस्थायी सहायता एजेंसी ने उसे समाप्ति का भुगतान देने का चयन किया। उसकी अस्थायी सहायता एजेंसी को उसे $1,600.00 ($800 x 2) का भुगतान करना होगा।

Ontario.ca/terminationofemployment पर और जानें या आपको कितनी समाप्ति नोटिस या कितना समाप्ति भुगतान दिया जाना है इसकी गणना करने के लिए Ontario.ca/ESAtools पर जाएँ।

## आप अपने अधिकारों को छोड़ने के लिए सहमत नहीं हो सकते

आप ESA के तहत अपने किसी भी अधिकार को छोड़ने के लिए सहमत नहीं हो सकते या किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। ये समझौते या अनुबंध अमान्य हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हैं, जिसके अनुसार आप ग्राहक व्यवसाय का काम नहीं कर सकते, तो यह अनुबंध अमान्य होगा।

## आपको अपने ESA अधिकारों के बारे में पूछने या उसका उपयोग करने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता है

यदि आप ESA के तहत अपने अधिकारों के बारे में पूछते हैं या उसका उपयोग करते हैं तो आपका व्यवसाय या अस्थायी सहायता एजेंसी आपके रोजगार को समाप्त करने सहित किसी भी तरह से आपको दंडित नहीं कर सकता है।

## अधिक जानकारी के लिए या दावा दायर करने के लिए

ESA के बारे में अधिक जानकारी के लिए Ontario.ca/ESAguide पर जाएँ

यदि ESA के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो आप रोजगार मानक सूचना केंद्र (Employment Standards Information Centre) को 416-326-7160, टोल फ़्री 1-800-531-5551 या TTY 1-866-567-8893 पर कॉल कर सकते हैं। जानकारी कई भाषाओं में उपलब्ध है।

अगर आपको लगता है कि आपको ESA के तहत आपके अधिकार नहीं मिले हैं, तो आप Ontario.ca/ESAclaims पर श्रम, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्रालय (Ministry of Labour, Training and Skills Development) में दावा दायर कर सकते हैं।